| |
|---|
| दिनांक 03.05.2026 |
| प्रेस विज्ञप्ति 240/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद आजमगढ़/थाना रौनापार**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 03-05-2026 को थाना रौनापार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बन्धा चौराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त उदय को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रौनापार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–उदय निवासी अमीना नगर पादरी बाजार थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर।

**कमिश्नरेट लखनऊ/थाना कैसरबाग**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की पीली धातु (392.65 ग्राम)–सफेद धातु (217.78 ग्राम) के आभूषण**
- **चोरी के 08 हजार 870 रुपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 03-05-2026 को थाना कैसरबाग व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रोजगार भवन के पास से 03 अभियुक्तों 1– करन

2–सुशील 3–मो0आजम उर्फ रानू को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की पीली धातु (392.65 ग्राम)–सफेद धातु (217.78 ग्राम) के आभूषण, चोरी के 08 हजार 870 रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 28-04-2026 को थाना कैसरबाग क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कैसरबाग पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त करन के विरूद्ध जनपद बाराबंकी व कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 16 अभियोग, अभियुक्त सुशील के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 07 अभियोग एवं अभियुक्त मो0आजम उर्फ रानू के विरूद्ध कमिश्नरेट लखनऊ के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना कैसरबाग पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–करन निवासी चुन्नूखेड़ा थाना पारा कमिश्नरेट लखनऊ, हालपता मकनपुर थाना लोनीकटरा जनपद बाराबंकी।

2–सुशील निवासी मातन टोला थाना गोसाईगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

3–मो0आजम उर्फ रानू निवासी ला–मार्टिनियर पुरवा थाना गौतमपल्ली कमिश्नरेट लखनऊ, हालपता मकबूलगंज थाना कैसरबाग लखनऊ।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की पीली धातु (392.65 ग्राम)– सफेद धातु (217.78 ग्राम) के आभूषण।

2–चोरी के 08 हजार 870 रुपये नगद।

3–घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना नई मंडी

- **पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 02 कुन्तल 50 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **04 मोबाइल फोन**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 क्रेटा, 01 पिकअप वाहन बरामद**

दिनांक 02-05-2026 को थाना नई मंडी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सिसोना पुलिया के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–मो0सुल्तान 2–गुड्डू घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3–किफैत उर्फ किफायतउल्ला 4–सोनू 5–जितेन्द्र सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 02 कुन्तल 50 किलोग्राम अवैध गांजा, 04 मोबाइल फोन, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 क्रेटा, 01 पिकअप वाहन बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना नई मंडी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–मो0सुल्तान निवासी कैराना रोड जनपद शामली।

2–गुड्डू निवासी भैसरहेडी थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर।

3–किफैत उर्फ किफायतउल्ला निवासी भैसरहेडी थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर।

4–सोनू निवासी भैसरहेडी थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर।

5–जितेन्द्र निवासी ग्राम लांक थाना कोतवाली जनपद शामली।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 01 करोड़ रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 02 कुन्तल 50 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–04 मोबाइल फोन।

3–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 01 क्रेटा, 01 पिकअप वाहन।

## कमिश्नरेट आगरा/थाना ट्रांस यमुना

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **चोरी के 45 हजार 525 रूपये नगद**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 03.05.2026 को थाना ट्रांस यमुना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर झरना नाला के पास से 03 अभियुक्तों 1–अभिषेक 2–नितिन 3–अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, चोरी के 45 हजार 525 रूपये नगद, चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि थाना ट्रांस यमुना क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना ट्रांस यमुना पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया, मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना ट्रांस यमुना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–अभिषेक निवासी नगला मियां थाना सासनी जनपद हाथरस।

2–नितिन निवासी नगला मियां थाना सासनी जनपद हाथरस।

3–अभियुक्ता।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–चोरी के 45 हजार 525 रूपये नगद।

3–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

## <u>जनपद शामली/थाना कैराना</u>

- **अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 74 लाख 40 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 372 ग्राम अवैध स्मैक बरामद**

दिनांक 03-05-2026 को थाना कैराना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानो से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे 02 अभियुक्तों 1–आसिफ 2–सादिक को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 74 लाख 40 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 372 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना कैराना पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–आसिफ निवासी बंजारा बस्ती आर्यपुरी थाना कैराना जनपद शामली।

2–सादिक निवासी मो0आलखुर्द नौगजापीर थाना कैराना जनपद शामली।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 74 लाख 40 हजार रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 372 ग्राम अवैध स्मैक।

———————